भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 459
21 जुलाई, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ग्रामीण महिलाओं को योग प्रशिक्षण

459. श्री बेल्लाना चन्द्रशेखर:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में ग्रामीण महिलाओं को योग प्रशिक्षण प्रदान करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ग): वर्तमान में, आयुष मंत्रालय में देश में ग्रामीण महिलाओं को अलग से योग प्रशिक्षण प्रदान करने का कोई विशिष्ट प्रस्ताव नहीं है। तथापि, आयुष मंत्रालय अपने स्वायत्त निकायों के माध्यम से जनमानस को, जिसमें ग्रामीण महिलाएं भी शामिल हैं, योग का प्रशिक्षण दे रहा है।

इसके अलावा, आयुष मंत्रालय अपने तीन स्वायत्त निकायों, नामत: मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई), नई दिल्ली; केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (सीसीआरवाईएन), नई दिल्ली और राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (एनआईएन), पुणे के माध्यम से देश में योग को बढ़ावा देता है। एमडीएनआईवाई, योग शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रम प्रदान करता है। सीसीआरवाईएन, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों में अनुसंधान एवं विकास के लिए एक सर्वोच्च निकाय है। एनआईएन, जो प्राकृतिक चिकित्सा के लिए प्रमुख संस्थान है, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग से संबंधित विभिन्न कार्यकलाप आयोजित करता है। एमडीएनआईवाई, सीसीआरवाईएन और एनआईएन के कार्यकलाप और कार्यक्रम क्रमश: yogamdniy.nic.in, www.ccryn.gov.in और ninpune.ayush.gov.in वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं।

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय देश में योग सहित विभिन्न आयुष पद्धतियों के विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना क्रियान्वित कर रहा है और उन्हें उनकी राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) में प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम के दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्रस्ताव भेजकर वित्तीय सहायता का लाभ उठा सकते हैं। राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत, आयुष मंत्रालय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से 12,500 आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) का संचालन कर रहा है। इन आयुष एचडब्ल्यूसी में, ग्रामीण महिलाओं सहित आम जनता को समुदाय-आधारित उपचार के रूप में आम स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए योग्यता प्राप्त योग प्रशिक्षकों द्वारा योग सिखाया जा रहा है।

*****